हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, रविवार, 27 जुलाई 2025




# नागपुर पुलिस ने शुरू किया 'ऑपरेशन शक्ति'

## > मानव तस्करी के खिलाफ होगी कार्रवाई

**नागपुर.**

शहर में महिला और बच्चों के यौन शोषण व मानव तस्करी के खिलाफ "ऑपरेशन शक्ति" नामक एक महत्वाकांक्षी अभियान की शुरुआत की गई है। पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र कुमार सिंगल के नेतृत्व में इस पहल का मुख्य उद्देश्य शहर में तस्करी के जाल को ध्वस्त करना और पीड़ितों को सुरक्षा प्रदान करना है। अक्टूबर 2024 में, नागपुर पुलिस आयुक्तालय ने डिस्ट्रिक्ट एक्शन ग्रुप का गठन किया। यह भारत में पहली बार जिला स्तर पर स्थापित एक बहुविभागीय समिति है, जिसका लक्ष्य तस्करी विरोधी प्रयासों में सभी संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना है। नागपुर पुलिस के अध्ययन में पाया गया कि तस्करी के तौर-तरीकों में बदलाव आया है, जिसमें अब आवासीय फ्लैट्स, लॉज, मसाज पार्लर और परिवहन मार्गों का उपयोग पीड़ितों के शोषण के लिए किया जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में, डीएजी का गठन अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। डीएजी में पुलिस विभाग के अलावा जिला विधी सेवा प्राधिकरण , महिला एवं बाल विकास विभाग, रेलवे सुरक्षा बल, शासकीय रेलवे पुलिस , नागपुर महानगरपालिका, पर्यटन और परिवहन विभाग, एमटीडीसी, बाल कल्याण समिति, स्वयंसेवी संस्थाएं और नागरिक समाज के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह समिति तस्करी को रोकने के प्रयासों को एकजुट करती है।

पिछले कुछ महीनों में डीएजी के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई है। 24 मामलों में तस्करी के आरोप में अपराध दर्ज किए गए हैं, जिसमें 8 नाबालिग लड़कियों सहित 42 महिलाओं को बचाया गया है, और 44 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई संभावित हॉटस्पॉट्स की मैपिंग, संदिग्ध ग्राहकों की प्रोफाइलिंग, गुप्त सूचना और डिजिटल तकनीक की मदद से संभव हुई है।




आज डीएजी की तीसरी आधिकारिक बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। शहर के उच्च-जोखिम वाले क्षेत्रों में 22 फेशियल रिकॉग्निशन कैमरे लगाए गए हैं, और 33 पुलिस थानों में महिला सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर निगरानी और कड़ी की गई है। दामिनी पथक की रैपिड रिस्पांस यूनिट भी सक्रिय हो गई है। 'पुलिस दीदी' कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता फैलाई जा रही है और पीड़ित महिलाओं को सहायता दी जा रही है। ट्रांजिट वल्नेरेबिलिटी यानी शहरों या राज्यों के माध्यम से पीड़ितों को स्थानांतरित करके जांच से बचने की प्रवृत्ति पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके लिए पुलिस, आरपीएफ और जीआरपी का संयुक्त प्रशिक्षण नियोजित है, और प्रमुख यातायात केंद्रों पर गश्त और निगरानी बढ़ा दी गई है।

इस बैठक में दो अत्यंत महत्वपूर्ण और देश की पहली प्रकार की स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स की शुरुआत की गई। पहली एसओपी – डिजिटल क्राइम सीन मैनेजमेंट के लिए है, जो डिजिटल सबूतों को इकट्ठा करने और उन्हें कानूनी तरीके से पेश करने के लिए मार्गदर्शन करेगी। दूसरी एसओपी निजी और व्यावसायिक संपत्तियों में वेश्यावृत्ति की रोकथाम और प्रतिक्रिया के लिए है, जो लॉज, होटलों और संपत्ति प्रबंधन करने वालों को कानून के अनुसार जवाबदेही तय करके मार्गदर्शन करती है।

बैठक में तस्करी विरोधी जन जागरूकता के लिए नागपुर शहर के पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के हाथों ऑपरेशन शक्ती के हेल्प डेस्क का अनावरण किया गया। यह हेल्प डेस्क वर्तमान में कॉटन मार्केट और गणेश पेठ स्थित बस स्टैंड पर 24 घंटे कार्यान्वित रहेगा, जिसमें आरपीएफ, जीआरपी और नागपुर शहर पुलिस के कर्मी तैनात रहेंगे। ऑपरेशन शक्ती के अंतर्गत फलकों का भी अनावरण किया गया। ये फलक शहर के लॉज, स्पा, होटल और अन्य स्थानों पर लगाए जाएंगे, जो कानून की जानकारी देने के साथ-साथ पीड़ितों को मदद का रास्ता भी दिखाएंगे।

पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र कुमार सिंगल ने इस अवसर पर कहा, "ऑपरेशन शक्ती एक दिवसीय कार्रवाई नहीं है। यह एक निरंतर, सूचना-आधारित अभियान है जो तस्करी के हर जाल पर कार्रवाई करेगा। अपराधी कहीं भी छिपे हों, या डिजिटल दुनिया में छिपने की कोशिश कर रहे हों, हम उन्हें ढूंढ निकालेंगे। यह अभियान पिछली 'ऑपरेशन थंडर' और 'ऑपरेशन यू-टर्न' अभियानों के सफल अनुभवों पर आधारित है।"

'ऑपरेशन शक्ति' के अंतर्गत सर्वप्रथम नागपुर शहर के हॉटस्पॉट्स की पहचान की गई। कुल 330 हॉटस्पॉट्स की सूची तैयार की गई। डीएजी के अंतर्गत शुरू हुए 'ऑपरेशन शक्ति' में 'मिशन वात्सल्य', 'बचपन बचाओ आंदोलन' के साथ-साथ रेलवे में होने वाली ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर भी चर्चा सत्र आयोजित किया गया। यौन अपराधों की पीड़ित महिलाओं को सरकार की 'मनोदैर्य योजना' के तहत दी जाने वाली सहायता, साथ ही विशिष्ट क्षेत्रों से छोटे बच्चों को भीख मांगने के लिए भेजे जाने जैसी गंभीर समस्याओं पर भी चर्चा हुई। 'जेजे एक्ट' के अंतर्गत भिक्षावृत्ति पर प्रतिबंध लगाकर बच्चों को 'सीडब्लूसी' के समक्ष प्रस्तुत करना, बाल श्रम, आदि के संदर्भ में जन जागरूकता महत्वपूर्ण होने पर जोर दिया गया। पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र सिंगल ने अपने अनुभवों के माध्यम से अत्यंत भावनात्मक तरीके से बताया कि उन्होंने स्वयं ड्रग्स के चंगुल में फंसे या यौन शोषण का शिकार हुए बच्चों से बातचीत की है।

छोटे बच्चे जाल में कैसे फंसते हैं, माता-पिता से कैसे दूर होते हैं, यह उन्होंने प्रत्यक्ष अनुभव किया है। ऐसे बच्चों को हेल्पलाइन की जानकारी देना, उनकी समस्याओं को सुनना और उन गंभीर चरणों तक पहुंचने से पहले ही उपाय करना हम सभी का कर्तव्य है, अन्यथा ये बच्चे जबरदस्ती काम पर लगाए जाते हैं, यौन शोषण, अंग बिक्री, बाल विवाह जैसे गंभीर प्रकारों का शिकार होते हैं।

### 'ऑपरेशन शक्ति' नागपुर पुलिस का अब तक का सबसे व्यापक

सहभागी और परिवर्तनशील अभियान है, जिसका विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों और नागरिक समाज ने जोरदार स्वागत किया है। नागपुर पुलिस बल सभी महिलाओं और लड़कियों को सुरक्षित, स्वतंत्र और सम्मानित जीवन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन शक्ती इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न विभागों के प्रमुख और प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रत्येक अधिकारी और वक्ता ने अपने सेवा काल में निष्ठापूर्वक निभाई गई जिम्मेदारियों, विशेष रूप से मानव तस्करी और यौन शोषण के संदर्भ में महिलाओं और छोटे बच्चों पर हुए प्रभावों, साथ ही उन्होंने स्वयं अनुभव किए गए क्षणों को इस बैठक में अत्यंत संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया। नागपुर शहर में ह्यूमन ट्रैफिकिंग और 'पॉक्सो' से संबंधित दर्ज अपराध, उनसे पीड़ित, निराधार, निराश्रित और बेघर महिलाओं और बच्चों का पुनर्वास और रेस्क्यू ऑपरेशंस इस बैठक का केंद्र बिंदु रहे। 'मिशन मुक्ति' या 'ऑपरेशन शोध' के तहत रेस्क्यू की गई महिलाओं और छोटे बच्चों की सकारात्मक कार्यप्रणाली इस अवसर पर सभी के सामने रखी गई। कोविड के बाद रेड लाइट एरिया से 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों का नागरिक बस्तियों में स्थित स्पा फ्लैट्स या किराए के घरों में पलायन की वास्तविकता भी प्रस्तुत की गई। विशेष रूप से बाहरी इलाकों और पॉश क्षेत्रों में देह व्यापार का प्रमाण चिंताजनक रूप से बढ़ रहा है।

# डॉ. प्रेमा खत्री को मिला 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड'

**नागपुर.**

डॉ. वी. आर. पैठणकर स्मृति व्याख्यानमाला एवं 15वां 'डॉ. निर्मला मोडकम लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड" वितरण समारोह हाल ही में नागपुर स्थित नारकॉड फिजियोथेरेपी सेंटर तथा अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में चंद्रपुर की वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. प्रेमा खत्री को फिजियोथेरेपी क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक व उल्लेखनीय योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया गया। यह पुरस्कार नारकॉड के अध्यक्ष डॉ. एम. के. देशपांडे के हाथों प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद, डॉ. खत्री ने "आईसीयू में नवजात शिशुओं की देखभाल" विषय पर एक अध्ययनपरक व्याख्यान दिया।




उन्होंने विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले नवजातों की चिकित्सा प्रक्रिया में फिजियोथेरेपिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

**चार दशकों की समर्पित सेवा:** डॉ. प्रेमा खत्री ने चंद्रपुर जिले में फिजियोथेरेपी सेवा के माध्यम से हजारों मरीजों का इलाज किया है। उन्होंने ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में भी निःस्वार्थ सेवा दी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, गंभीर व लंबे समय से पीड़ित रोगियों के उपचार में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है। इसके अलावा उन्होंने स्थानीय शासकीय अस्पतालों के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं में भी सक्रिय भागीदारी निभाई है।

पोलियो से ग्रसित बच्चों के लिए पुनर्वास शिविर, स्नायु व अस्थि रोगों के लिए विशेष सत्र तथा जनजागरूकता अभियान में भी उनका अमूल्य योगदान रहा है। डॉ. खत्री ने चंद्रपुर जिले में कई युवा फिजियोथेरेपिस्ट तैयार किए हैं और एक मार्गदर्शक के रूप में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है। बेहद सीमित संसाधनों में भी उनकी सेवा ग्रामीण अंचलों में व्यावसायिक उत्कृष्टता का उदाहरण बनी है। कार्यक्रम में डॉ. एम. वी. पैठणकर, सचिव, नारकॉड; डॉ. गांधी; डॉ. उमांजली दमके, अधीक्षक, फिजियोथेरेपी कॉलेज, शासकीय मेडिकल कॉलेज नागपुर सहित विदर्भ क्षेत्र के कई वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की सफलता में डॉ. नीता मोडक, निदेशक, नारकॉड; डॉ. वैशाली डहाके, डॉ. अल्पना मुळे, डॉ. आरती बिसेन, डॉ. प्राजक्ता दुपारे, डॉ. ज्योति जैन, डॉ. शिवांगी कुमार, और डॉ. ऋचा सोमानी का विशेष सहयोग रहा।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नागपुर.** हिंगना मार्ग पर एक भीषण हिट एंड रन की घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई है. काम खत्म कर घर लौट रहे एक युवक को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया.

यह हृदय विदारक घटना हिंगना तालुका के किन्ही धानोली स्थित बी. एन. स्टार बीयर बार के पास हुई. मृतक की पहचान अनिल जगदीश चव्हाण (30) के रूप में हुई है, जो रायपुर, हिंगना तालुका के निवासी थे.



**हजरत सैय्यद मोहम्मद बाबा ताजुद्दीन सरकार के बारगाह में एआईएमआईएम कार्यालय ताजआबाद शरीफ से आशिकेऔलिया के अकीदतमंदों के साथ चादर पेश की गई. प्रशाद के रूप में जायरीनों को हलवा-ब्रेड तकसीम की गई. बड़े ही शानो-शौकत से बाबाजान का उर्स मुबारक मनाया गया.**

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**नागपुर.** सीताबर्डी पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 80,000 रुपये है। घटना 17 जनवरी 2025 को सुबह 11:00 बजे से 11:45 बजे के बीच हुई थी। शिकायतकर्ता जागेश्वर दामोदर ठाकरे (59) निवासी 141, न्यू डायमंड नगर, खरबी रोड, माता मंदिर के सामने, नंदनवन की मोपेड (नंबर एम एच 49 ए 6117) मानस चौक पुलिस चौकी के पास गणेश टेकड़ी मंदिर में खड़ी थी। शिकायतकर्ता की बेटी और सास दर्शन के लिए मंदिर आई थीं और उन्होंने अपनी मोपेड लॉक करके पार्क की थी। इसी दौरान किसी अज्ञात चोर ने मोपेड चुरा ली। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी जांच की और विश्वसनीय जानकारी के आधार पर प्रलय भोजराज टेंभरे (27, निवासी प्लॉट नंबर 12, धम्मकीर्ति नगर, गोविंदराव कुलमेते के घर किराए पर, वाडी) नामक आरोपी को हिरासत में लिया।

## शराब दुकान में सेंध लगाकर 1.10 लाख की चोरी

**नागपुर.**

पुरानी कामठी पुलिस थाना क्षेत्र में एक शराब दुकान में सेंधमारी कर अज्ञात चोरों ने 1,10,000/- नकद चुरा लिए। यह घटना गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह के बीच की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता सत्यजीत बनवारीलाल शर्मा (44 वर्ष, निवासी 133, गोकुलधाम सोसायटी, आशा हॉस्पिटल के पीछे, नवीन कामठी) का कृषि उत्पन्न बाजार समिति, कामठी में 'सत्यजीत वाइन शॉप' नामक एक शराब दुकान है। गुरुवार, 24 जुलाई 2025 को रात 10:30 बजे सत्यजीत शर्मा अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। शुक्रवार, 25 जुलाई 2025 को सुबह 6:15 बजे के आसपास उन्हें दुकान में चोरी होने की सूचना मिली। अज्ञात तीन चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दुकान के ड्रॉवर में रखे 1,10,000/- नकद चुरा लिए। इस मामले में, शिकायतकर्ता द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर, पुरानी कामठी पुलिस थाने में सहायक पुलिस निरीक्षक हिवरकर ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया है।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

## दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आया था

**नागपुर.**

कामठी रोड पर रहने वाले पांच दोस्त हिंगना तालुका के सालईमेंढा तालाब घूमने आए थे. इसके बाद, जब वे तैरने के लिए पानी में उतरे, तो एक युवक गहरे पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई. यह घटना शनिवार को सुबह 9:45 बजे के आसपास हुई. हिंगना पुलिस ने अग्निशमन दल की मदद से दोपहर तीन बजे शव को बाहर निकाला. मृतक की पहचान पीयूष सूरज सुखदेवे (20), निवासी भीलगांव, कामठी के रूप में हुई है. वह आज सुबह अपने दोस्तों मृणाल विमेश उके (20), हर्ष सिद्धार्थ थुलकर (19) (दोनों निवासी कपिलनगर, नागपुर), करण लक्ष्मण चौधरी (18) (निवासी बाराखोली, जरीपटका), और क्रिश प्रकाश स्वामी (19) (निवासी मोतीबाग रेलवे क्वार्टर के साथ घूमने आया था. वे हिंगना से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित सालईमेंढा तालाब पर पहुंचे थे. कुछ देर घूमने के बाद, पीयूष और उसके दो दोस्त पानी में उतरे. थोड़ी दूर गहरे पानी में जाने पर पीयूष और उसका एक दोस्त डूबने लगे. उनमें से एक को थोड़ा-



बहुत तैरना आता था, इसलिए उसने एक दोस्त को बचा लिया, लेकिन पीयूष पानी में डूब गया.

इसके बाद, घबराए हुए दोस्तों ने पुलिस को घटना की सूचना दी. हिंगणा पुलिस स्टेशन से थाना प्रभारी जितेंद्र बोबडे, उपनिरीक्षक वसंत शेडमाके, महिला पुलिस उपनिरीक्षक दीक्षा ताजने, सिपाही संतोष येलोरे, और अनंता तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे. इलाके के कुछ कुशल तैराकों ने खोज की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली. दिन भर बारिश होती रही और गहरे पानी में खोज करना संभव नहीं हो रहा था, इसलिए वानाडोंगरी और नागपुर महानगरपालिका के अग्निशमन दल के जवानों को बुलाया गया. नाव की सहायता से, लगभग चार घंटे बाद दोपहर तीन बजे पीयूष का शव बाहर निकाला गया. पंचनामा करने के बाद, शव को हिंगणा के ग्रामीण अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. सूचना मिलते ही मृतक के पिता सूरज सुखदेवे, मामा अमर तागडे और रिश्तेदार भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे. ये पांचों युवक पढ़ाई के साथ-साथ नौकरी भी कर रहे थे. दोस्त होने के कारण, शनिवार की छुट्टी बिताने के लिए वे यहां आए थे.

# भाई ने की भाई की हत्या

## > भाभी से छेड़छाड़ बनी हत्या का कारण
## > आरोपी भाई ने किया आत्मसमर्पण

**नागपुर.**

शहर के बेलतरोडी पुलिस थाना अंतर्गत खापरी पुनर्वसन परिसर में एक दहला देने वाली वारदात सामने आई है। शराब के नशे में अपनी ही भाभी से छेड़छाड़ और मारपीट करने वाले छोटे भाई को उसके बड़े भाई ने चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया। हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी भाई ने स्वयं पुलिस थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। जानकारी के अनुसार यह सनसनीखेज घटना बीती रात खापरी पुनर्वसन परिसर में हुई। मृतक की पहचान 37 वर्षीय वैभव जुमले के रूप में हुई है, जबकि आरोपी उसी का 40 वर्षीय बड़ा भाई हरीश जुमले है। दोनों भाई अपनी मां के साथ एक ही घर में रहते थे। बताया जाता है कि मिहान प्रकल्प में जमीन अधिग्रहण के मुआवजे के बाद से वे एक साथ रह रहे थे। दोनों को शराब पीने की लत थी। बड़ा भाई हरीश, जो पहले सुपरवाइजर का काम करता



था, उसने भी काम छोड़ दिया था। हरीश शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं, जिसकी पत्नी लोगों के घरों में घरेलू काम करती है।

घटना वाले दिन, शुक्रवार दोपहर को वैभव शराब के नशे में धुत होकर घर पहुँचा। उसने अपनी भाभी के साथ अश्लील हरकत कर छेड़खानी की और घर की छोटी बच्ची के साथ भी मारपीट की। महिला ने तुरंत फोन पर अपने पति हरीश को इसकी जानकारी दी। शाम को हरीश भी शराब के नशे में घर पहुंचा। इसके बाद दोनों भाइयों के बीच जमकर कहासुनी हुई। खाना खाने के बाद सभी अपने-अपने कमरों में सोने चले गए।

रात के समय, हरीश अपने कमरे से उठा और दूसरे कमरे में जाकर सोए हुए वैभव जुमले का चाकू से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। हत्या करने के बाद, नशे की हालत में ही हरीश सीधे पुलिस थाने पहुंचा और हत्या की बात कबूल कर ली। बेलतरोडी पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी हरीश को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की आगे की जांच कर रही है। इस घटना से खापरी पुनर्वसन परिसर में दहशत का माहौल है।

# ताजबाग शरीफ में उर्स पर हुआ ऑल इंडिया मुशायरा

## इमरान प्रतापगढ़ी की शायरी ने बांधा समां, भीड़ ने तालियों से किया स्वागत

**नागपुर.**

हजरत बाबा ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह के 103वें सालाना उर्स के मौके पर ताजबाग शरीफ में ऑल इंडिया मुशायरे का भव्य आयोजन किया गया. इसमें देश के मशहूर व मारूफ शायरों ने शिरकत की. इस मुशायरे का मुख्य आकर्षण मशहूर शायर और राज्यसभा संसद इमरान प्रतापगढ़ी रहे. उन्होंने एक से बढ़कर एक शेर अपने खूबसूरत अंदाज में पेश किये. इमरान प्रतापगढ़ी की शायरी सुनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी. मंच पर इमरान प्रतापगढ़ी के माइक संभालते ही लोगों ने तालियों से उनका जोरदार स्वागत किया. इमरान प्रतापगढ़ी ने अपने कई शेरों और गजलों से समां बंधा. उन्होंने एक रचना पढ़ने से पहले कहा कि इलाहबाद वो सरजमीन है जहा गंगा और यमुना का संगम होता है, नदियों का संगम होता है, लेकिन अगर तहजीबों, धर्मों, साहित्य का संगम देखना है तो आज नागपुर की सरजमीं पर देखा जा रहा है. उन्होंने ने





शेर पढ़ते हुए कहा कि वीर शिवाजी, बाबासाहब आंबेडकर की यह धरती है, इस मिटटी में खुशबू बसती है बाबा ताजुद्दीन की' इस मिटटी में फसल उगेगी चाहत और यकीन की' इस पर श्रोता झूम उठे.

इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि साहित्य के मंच पर मुझे आप लोगों से मिले प्यार और दुआओं ने ही देश की संसद तक पहुंचाया है. उन्होंने विश्वास जताया कि वे सियासत में जरूर आ गए है, लेकिन जिस तरह से साहित्य के मंच से आमजन की आवाज बनते रहे है उसे उसे वह कभी भी दबाने नहीं देंगे. आगे भी पूरी ताकत से समाज की पीड़ा को जरूर उठाएंगे. इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि वह जब यहां आ रहे थे तो उन्हें प्यारे खान ने बताया कि दो-तीन दिन पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी यहां आये थे. इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि मैं सलाम करता हु उन्हें. इस दौरान की सियासत में जो विनम्रता, सराफत, जो सादगी सत्तापक्ष के किसी नेता में सबसे खूबसूरत तरिके से होनी चाहिए वह नितिन गडकरी में है. मैं खुले दिल से उनकी तारीफ़ करता हू. इसी तरह से मुशायरे में मशहूर शायर मशहर आफरीदी, आरिफ सैफई, शाइस्ता सना, मनिका दुबे, जुनैद अख्तर, बिलाल सहारनपुरी, हामिद भुसावली, समीर कबीर ने भी अपनी खूबसूरत शायरी से शमा बांध दिया. मशहूर शायर नदीम फर्रुख ने निजामत की.

इस अवसर पर प्रमुख रूप से हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के अध्यक्ष प्यारे जिया खान, सचिव ताज अहमद राजा, उपाध्यक्ष श्री डॉ सुरेंद्र जिचकार, ट्रस्टी हाजी फ़ारूकभाई बावला, गजेंद्रपाल सिंह लोहिया, मुस्तफाभाई टोपीवाला, इमरान खान और रामटेक के संसद श्यामकुमार बर्वे, पूर्व विधायक डॉ वजाहत मिर्जा, प्रख्यात समाजसेवी इसराइल सेठ उपस्थित थे. मुशायरे के मंच पर हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट की तरफ से इमरान प्रतापगढ़ी सहित सभी शायरों की दस्तारबंदी की गई. स्मृतिचिन्ह देकर सभी का सत्कार किया गया.

CMYK

# बाघ के हमले में किसान की मौत

## ग्रामीणों में भारी रोष, वन विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल



**पारशिवनी.**

पेंच व्याघ्र प्रकल्प के पास स्थित सालई मोकासा (हेटीखेडा) में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा सामने आया जब खेत खलिहान में बैलों को चरा रहे किसान पर बाघ ने हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान दिनेश वामणराव खंडाते (उम्र 35) के रूप में हुई है।

दिनेश अपने खेत के पास बंजर जमीन पर बैल चरा रहा था, तभी घात लगाए बैठे बाघ ने अचानक हमला कर दिया और उसे मौके पर ही मौत के घाट उतार दिया। यह घटना इतनी भयावह थी कि खेत में मौजूद अन्य किसान और ग्रामीण स्तब्ध रह गए।

**ग्रामीणों में रोष, बाघ को पकड़ने की मांग :** घटना की सूचना मिलते ही आस-पास के गांवों से सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और वन विभाग के खिलाफ जोरदार नाराजगी जताई। लोगों ने आरोप लगाया कि पेंच प्रकल्प के आदमखोर बाघ पिछले कुछ महीनों में कई किसानों को अपना शिकार बना चुका है, लेकिन वन विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग सिर्फ दिखावे के लिए बाघ को पकड़ने की कार्रवाई कर रहा है, असल में वह बाघ को संरक्षण देने में लगा है। इसी कारण आदमखोर बाघ रिहायशी इलाकों में घुसकर खेतों में काम कर रहे लोगों को निशाना बना रहा है।

**प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचा :** घटना की जानकारी मिलते ही पारशिवनी वन परिक्षेत्र अधिकारी राहुल शिंदे, सहायक वन संरक्षक गोविंदा लुचे, पारशिवनी पुलिस निरीक्षक राजेश थोरात अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहां उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया और मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए पारशिवनी ग्रामीण अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**वन विभाग की ओर से तत्काल सहायता :** वन विभाग द्वारा मृतक किसान के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की गई। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि मुआवजा देना एक दिखावा है, असली ज़रूरत बाघ को पकड़कर भविष्य में ऐसे हादसों से बचाने की है।

**लगातार हो रही बाघ के हमले की घटनाएं :** ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में आदमखोर बाघ द्वारा कई हमले किए जा चुके हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है। बावजूद इसके वन विभाग की ओर से बाघ को पकड़ने के लिए कोई गंभीर कदम नहीं उठाया गया।

**नेताओं की चुप्पी पर भी सवाल:** स्थानीय विधायक, सांसद और मंत्री केवल कागजों पर आदेश देते नजर आते हैं, लेकिन वन विभाग उन आदेशों को अमल में नहीं लाता। इस लापरवाही की कीमत अब किसानों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है।

**स्थानिकों की मांग :** ग्रामीणों ने वन विभाग से आदमखोर बाघ को जल्द से जल्द पकड़ने और किसानों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# महर्षि नाथूबाबा धाम में बारह ज्योतिर्लिंग पूजन का भव्य आयोजन

**नागपुर.**

शहर की निषाद नगरी, भोईपुरा स्थित महर्षि नाथूबाबा धाम में पिछले छह वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार, इस वर्ष भी बारह ज्योतिर्लिंग पूजन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह पूजन 24 जुलाई से शुरू होकर 4 अगस्त तक चलेगा, जिसमें शिवभक्त प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अभिषेक और पूजन कर सकेंगे। पूजन की शुरुआत में, यजमानों द्वारा महर्षि नाथूबाबा, देवी अन्नपूर्णा, श्री गणेश जी, भगवान विष्णु, देवी लक्ष्मी और नौ ग्रहों का पूजन किया जाता है।

इसके उपरांत, सभी शिवभक्त श्रद्धापूर्वक बारह ज्योतिर्लिंगों का अभिषेक और पूजन करते हैं। पूजन संपन्न होने के बाद प्रसाद वितरण किया जाता है।इस आयोजन की एक और महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि पूरे बारह दिनों तक, पूजित शिवलिंगों का कोल्हार नदी में विसर्जन किया जाता है। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए भोई कहार केवट निषाद समाज के साथ-साथ बजेरिया क्षेत्र के शिवभक्त अथक परिश्रम कर रहे हैं।



इस आयोजन में मुख्य रूप से भोई समाज पंच कमेटी के पूर्व अध्यक्ष किशोर करतार, सचिव राहुल जी. गौर, नंदकिशोर गौर, कला नायक, मनीष बाथो, निर्मला गौर, उमा गौर, संगीता करतार और कौसलबाई गौर, नीतू गौर सहित कई शिवभक्त अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। यह आयोजन धार्मिक सद्भाव और सामुदायिक एकता का प्रतीक बन गया है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# कैप्टन सतीश बेलसरे बने श्री गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष

**कन्हान.**

सिद्धिविनायक श्री गणेश मंदिर का संचालन करने वाली श्री गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष के रूप में कैप्टन सतीश बेलसरे को सर्वसम्मति से चुना गया है। यह निर्णय सिद्धिविनायक श्री गणेश मंदिर परिसर में आयोजित एक विशेष बैठक में लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के पूर्व अध्यक्ष शैलेश झेंडे ने की। आयोजक संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सर्वसम्मति से कैप्टन बेलसरे को नया अध्यक्ष चुना. इस अवसर पर राजू राठी, दिलीप जायसवाल, अमित थटेरे, गणेश चौधरी, संतोष पाली, शैलेश झेंडे, मुकुंदा नेरकर, रमेश जामदार और गुड्डा सूर्यवंशी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने नवनियुक्त अध्यक्ष कैप्टन सतीश बेलसरे का माल्यार्पण कर स्वागत किया, उन्हें बधाई दी और उनकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।



# डॉ. चिमणकर का ऐलान: अनाथ बच्चों को मुफ्त इंग्लिश स्पीकिंग

**कामठी.**

ई-प्लेनेट स्पीकर्स एकेडमी के संचालक डॉ. अभिषेक चिमणकर ने हाल ही में एक स्थानीय अनाथालय में आयोजित अपने जन्मदिन समारोह के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा की है कि अनाथ आश्रम के सभी अनाथ बच्चों को उनकी एकेडमी में इंग्लिश स्पीकिंग क्लासेस में मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा। कार्यक्रम दौरान बच्चों को कॉपी, पेन, फल, अल्पाहार का वितरण किया गया. यह घोषणा अनाथालय के बच्चों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है, क्योंकि अंग्रेजी सीखने से उनके भविष्य के लिए नए



रास्ते खुल सकते हैं। डॉ. अभिषेक चिमणकर ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वंचित बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले। इस पहल से अनाथ बच्चों को न केवल भाषा कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी, बल्कि यह उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त करने में भी सहायक होगा।

अनाथालय प्रबंधन ने डॉ. अभिषेक चिमणकर के इस उदार कदम की सराहना की है, इसे बच्चों के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश बताया है। इस मुफ्त शिक्षा कार्यक्रम से कई बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। इस मौके पर वसीम भाई, नकीब कमल, वंशिका मेश्राम, कशिश खोबरागडे, प्रवीण टेंभूर्णे, तृप्ती गाडे, अनुष्का मेश्राम,कशिश मेश्राम, सम्यक रंगारी आदि गणमान्य व्यक्ति भी प्रमुखता से मौजुद रहें।

# वंदना काले की मेहनत से जगनाड़े विद्यालय बना प्रतिष्ठित संस्थान

**नागपुर.**

लोकमान्य तिलक जनकल्याण शिक्षण संस्था द्वारा संचालित संत जगनाड़े विद्यालय, कलमना चिखली में पिछले बीस वर्षों से प्राचार्या का पद संभाल रहीं सौ. वंदना काळे की मेहनत अब रंग ला रही है। समाजसेक राहुल गौर ने बताया कि वंदना काले ने अपने सभी शिक्षकों के साथ मिलकर विद्यार्थियों में न केवल पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाई है, बल्कि उनमें छिपे विभिन्न कौशलों को निखारने के लिए भी कई पहल की हैं। इन उपक्रमों में बच्चों को हिंदी, मराठी और अंग्रेजी भाषाओं में पढ़ने-लिखने में कुशल बनाना, गणित के प्रति रुचि पैदा करना और खेलकूद के माध्यम से



उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास करना प्रमुख रहा है। सुश्री काळे की कड़ी मेहनत और समर्पण ने विद्यार्थी और अभिभावक दोनों का दिल जीत लिया है, जिसके परिणामस्वरूप आज संत जगनाडे विद्यालय पूर्वी नागपुर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक बन गया है।

# बाघ के हमले से युवक गंभीर रूप से घायल

**कुही.**

नागपुर जिले के कुही तहसील अंतर्गत मौजा-भिवकुंड गांव में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक बाघ ने एक ग्रामीण पर अचानक हमला कर दिया। यह घटना गांव से सटे जंगल के किनारे उस वक्त घटी जब पीड़ित किशोर बांगडकर (42) अपने पालतू जानवरों के लिए चारा लाने निकले थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 6:30 बजे किशोर बांगडकर चारे की तलाश में निकले थे, तभी झाड़ियों में छिपे बाघ ने पीछे से उन पर झपट्टा मारा। हमले में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए और दर्द से चीखने लगे। उनकी चीख सुनते ही बाघ वहां से भाग निकला, लेकिन किशोर बेहोश हो गए।

इसी दौरान गांव के ही प्रमोद मेश्राम चापेगडी-राजोला मार्ग से गुजर रहे थे, जिनकी नजर घायल किशोर पर पड़ी।

## > गांव में फैली दहशत

उन्होंने तत्परता दिखाते हुए किशोर को तुरंत गांव लाया और फिर कुही स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल किशोर का इलाज जारी है और उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा कर जांच शुरू की। हालांकि, ग्रामीणों में वन विभाग की कार्यशैली को लेकर नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार बाघों की हलचल के बावजूद विभाग सतर्क नहीं है। पहले भी इस इलाके में कई बार बाघों की मौजूदगी देखी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

**गांव में फैला दहशत का माहौल**

### वन विभाग की निष्क्रियता से आक्रोश

ग्रामीणों का कहना है कि यदि वन विभाग पहले से सक्रिय होता, तो शायद यह हमला टल सकता था। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। यह हमला एक बार फिर जंगल से सटे इलाकों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। जरूरत है समय रहते ठोस कदम उठाने की, ताकि मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोका जा सके।

घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाए और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए। साथ ही, जंगल से सटे क्षेत्रों में वन विभाग की गश्त बढ़ाने की मांग भी उठ रही है।

# मांढल में गौमांस तस्करी का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**कुही.**

प्रमुख व्यापारिक कस्बे मांढल में गौमांस बेचने की गुप्त जानकारी के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम अमोल खेमराज लारोकर और राहुल भीमेश खोबरागड़े बताए गए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि मांढल क्षेत्र में अवैध रूप से गौमांस की बिक्री हो रही है। इसी आधार पर फौजदार अजय पंचभाई और धीरज मसराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापा मार कार्रवाई की। मौके से भारी मात्रा में गौमांस जब्त किया गया है।





इस कार्रवाई के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। जब पुलिस पशु चिकित्सकों के साथ मौके पर पहुंची, तो किसी को भी अंदाजा नहीं था कि आरोपी कौन हैं। लेकिन जब दोनों युवकों को पकड़ा गया, तो स्थानीय लोग भी दंग रह गए। इस घटना के बाद गौप्रेमी संगठनों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है और प्रशासन से गौहत्या पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग की है। साथ ही यह मांग भी उठ रही है कि ऐसे मामलों में दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई इस तरह की हरकत करने की हिम्मत न करे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों की 22वीं कार्यशाला का सफल आयोजन

**नागपुर.**

रॅबीसन इंडिया एवं त्रिदेवी इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एजेंसी, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय "इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक कार्यशाला" का आयोजन 25 जुलाई को यश इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एंड रिसर्च सेंटर, मानेवाडा, नागपुर में संपन्न हुआ। यह कार्यशाला सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक चली।

कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ मुंबई के प्रसिद्ध इलेक्ट्रो होम्योपैथ विशेषज्ञ डॉ. प्रजापति के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर डॉ. शुभांगी चौधरी एवं डॉ. नाना सेलोकर सहित कई मान्यवर अतिथि मंचासीन रहे।

इस 22वीं कार्यशाला का मुख्य विषय "मस्तिष्क की एनाटॉमी और फिजियोलॉजी" रहा। विशेषज्ञों ने मस्तिष्क की संरचना, उसकी कार्यप्रणाली, और इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में इसके उपचारात्मक दृष्टिकोण पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही, असाध्य रोगों में उचित औषधियों के चयन व प्रैक्टिस टेक्निक पर गहन मार्गदर्शन भी दिया गया।




कार्यशाला में नागपुर सहित महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों से आए अनेक अनुभवी चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों में डॉ. नानाभाऊ सेलोकर, डॉ. लता खोकले, डॉ. अर्पिता चन्ने, डॉ. स्मिता मुदलीयार, डॉ. नितनवरे, डॉ. योगेंद्र वरकडे, डॉ. दीपक भास्कर, डॉ. विधान बैरागी, डॉ. मिलन बिश्वास, डॉ. अरविंद मंडल, डॉ. सतीश कांबले, डॉ. एम. कुमार, सहित लता नितनवरे, डॉ. संगीता शर्मा, अर्चना जैन, किरण काकडे, यश सेलोकर, नंदा सेलोकर आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इस सफल आयोजन से चिकित्सकों को न केवल अपनी चिकित्सा तकनीकों को निखारने का अवसर मिला, बल्कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आधुनिक पहलुओं को समझने का मंच भी मिला। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह की कार्यशालाएं नियमित रूप से आयोजित करने की घोषणा की।

# शारीरिक शिक्षा शिक्षक को बिना कारण किया बर्खास्त

**प्रा. देवेंद्र सोनटक्के ने की न्याय की मांग, शिक्षा विभाग से जाँच की गुहार**

**वर्धा / पुलगांव.**

पुलगांव स्थित प्रतिष्ठित आर.के. हाई स्कूल में शारीरिक शिक्षा शिक्षक प्रा. देवेंद्र सोनटक्के को बिना किसी लिखित सूचना के बर्खास्त कर दिया गया। 10 वर्ष 10 महीने तक संस्था में ईमानदारी से सेवा देने वाले शिक्षक को महज मौखिक आदेश के आधार पर नौकरी से हटाए जाने पर शिक्षा जगत में खलबली मच गई है।

प्रा. सोनटक्के ने बताया कि वे जूनियर कॉलेज में महज ₹9,005 के अल्प वेतन पर शारीरिक शिक्षा शिक्षक के रूप में कार्यरत थे और उन्होंने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर संस्था को गौरवान्वित किया है। इसके अलावा वे राज्य क्रीड़ा बोर्ड में अंपायर के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

उन्होंने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्कूल में कार्यभार संभाला था, लेकिन 24 जून को बिना किसी पूर्व सूचना के प्रधानाचार्य द्वारा मौखिक आदेश देकर उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। बाद में कहा गया कि उनकी सेवा समाप्त कर दी गई है। जब उन्होंने लिखित आदेश की माँग की, तो प्रधानाचार्य और स्कूल समिति समन्वयक एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते रहे और कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। सोनटक्के ने आरोप लगाया कि सेवा समाप्ति से पूर्व एक माह की सूचना देना नियमानुसार आवश्यक होता है, लेकिन यहाँ नियमों की अनदेखी कर सीधे बर्खास्तगी की गई। उन्होंने न्याय की माँग करते हुए शिक्षा विभाग से पूरे मामले की जाँच की माँग की है।

स्थानीय लोगों और शिक्षकों के बीच इस कार्रवाई को लेकर रोष है। चर्चा है कि आर.के. हाई स्कूल, जो स्वतंत्रता पूर्व काल से संचालित है और जिसने हजारों छात्रों का भविष्य संवारा है, आज आंतरिक राजनीति और कुप्रथाओं का शिकार हो चुका है। यह भी सामने आया है कि संस्था में पिछले छह माह से कोई नियमित प्रधानाचार्य नहीं है और वर्तमान में जो व्यक्ति प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत हैं, वे विभागीय अनुमति के बिना काम कर रहे हैं।

# चंद्रमणि उर्फ बंटी मोहोबे 6 दिनों से लापता

**कामठी.**

चंद्रमणि उर्फ बंटी मोहोबे पिछले छः दिनों से लापता हैं, जिससे उनका परिवार गहरे सदमे और चिंता में है। बंटी के लापता होने से उनके माता-पिता, एक लड़का और एक लड़की का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार ने सभी से अपील की है कि अगर किसी को भी बंटी के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत 8149927143, 8055705535, 8208114391 पर संपर्क करें।



बंटी के दोस्त राहुल यादव, साकीब अन्सारी, हबीब शेख और केविन बादशाह भी उन्हें बहुत याद कर रहे हैं और उनके सुरक्षित वापस लौटने की कामना कर रहे हैं। दोस्तों ने बंटी से अनुरोध किया है कि वह जहां कहीं भी हों, जल्द से जल्द घर लौट आएं।

पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी गई है और जांच जारी है, लेकिन अभी तक बंटी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिवार और दोस्त बंटी की सलामती के लिए दुआ कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि वह जल्द ही अपने घर वापस लौट आएंगे।

# वाइन शॉप से ₹ 1.10 लाख की चोरी

## > 3 अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज

**कामठी.**

जुनी कामठी के शुक्रवार बाजार इलाके में स्थित सत्यजीत वाइन शॉप में आधी रात को सेंधमारी कर ₹ 1.10 लाख नकद चोरी होने का मामला सामने आया है। यह घटना शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे तब प्रकाश में आई जब नागरिकों ने दुकान का शटर खुला देखा। जूना कामठी पुलिस थाना में तीन अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, सत्यजीत बनवारीलाल शर्मा (उम्र 44, निवासी गोकुल धाम सोसायटी, नागपुर रोड, कामठी) की सत्यजीत वाइन शॉप शुक्रवार बाजार इलाके में कई सालों से संचालित है। सत्यजीत शर्मा ने गुरुवार रात लगभग




10 बजे दुकान बंद कर ताला लगाया और घर चले गए थे. शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे, कुछ स्थानीय नागरिकों ने दुकान का शटर खुला देखा और तत्काल इसकी सूचना दुकान मालिक सत्यजीत बनवारीलाल शर्मा को दी. सत्यजीत शर्मा ने दुकान पहुंचकर देखा तो मुख्य शटर टूटा हुआ पाया और कैश बॉक्स से नकदी गायब थी. उन्होंने तुरंत जुनी कामठी पुलिस स्टेशन को घटना की जानकारी दी. सूचना मिलते ही, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमडे और सहायक पुलिस निरीक्षक मनीष हिवरकर अपने सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। वाइन दुकान के सीसीटीवी फुटेज में तीन अज्ञात चोर आधी रात को दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसते हुए स्पष्ट दिखाई दिए हैं। वाइन शॉप के मालिक सत्यजीत बनवारीलाल शर्मा की शिकायत के आधार पर, जुनी कामठी पुलिस स्टेशन में तीन अज्ञात चोरों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 305 (ए) और 331 (3) (5) के तहत जबरन चोरी का मामला दर्ज किया गया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमडे के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक मनीष हिवरकर इस मामले में आगे की जांच कर रहे हैं। पुलिस चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

# ड्रैगन पैलेस में आज विशेष बुद्ध वंदना और धम्मदेशना

## बेंगलुरु के पूज्य भंतेजी आनंदा थेरो देंगे प्रवचन

**कामठी.** विश्वविख्यात ड्रैगन पैलेस टेम्पल में आज रविवार, 27 जुलाई को सुबह 9 बजे एक विशेष बुद्ध वंदना का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बेंगलुरु स्थित महाबोधि सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी और अंतर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट महासंघ (सांस्कृतिक मंत्रालय) के उपाध्यक्ष, भंतेजी आनंदा थेरो अपनी प्रमुख उपस्थिति में उपासक और उपासिकाओं को धम्मदेशना देंगे, जिससे सभी को धर्म का लाभ प्राप्त होगा। धम्मदेशना के उपरांत एड. सुलेखा कुंभारे की ओर से भंतेजी को धम्मदान और भोजनदान भी दिया जाएगा। यह कार्यक्रम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वर्षवास के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, विपश्यना मेडिटेशन सेंटर में हाल ही में संपन्न हुए 10 दिवसीय ध्यान शिविर के साधक भी इस धम्म कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस शिविर का समापन आज, 26 जुलाई, को मंगलमैत्री के साथ हुआ है। ड्रॅगन पॅलेस टेम्पल की प्रमुख एड. सुलेखा कुंभारे ने सभी उपासक और उपासिकाओं से अनुरोध किया है कि वे इस वर्षवास निमित्त आयोजित धम्म कार्यक्रम में उपस्थित होकर धम्मलाभ प्राप्त करें।



# गोंदिया में मूसलाधार बारिश का कहर

## > सरकारी महिला अस्पताल में पानी घुसा, मरीजों में अफरा-तफरी

**गोंदिया.**

जिले में शनिवार सुबह से हो रही लगातार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। लेकिन हालात तब और चिंताजनक हो गए जब शासकीय बाई गंगाबाई महिला अस्पताल में बारिश का पानी सीधे प्रेजेंटेशन वार्ड और प्रसूति विभाग में घुस गया।

अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण स्थल पर इस तरह का जलभराव ना सिर्फ प्रशासन की लापरवाही उजागर करता है, बल्कि मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।



**अस्पताल के अंदर पानी घुसते ही मचा हड़कंप :** गंगाबाई अस्पताल के वार्डों में पानी भरने से मरीजों, गर्भवती महिलाओं और उनके साथ आए परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ वार्डों में पानी बिस्तरों के पास तक आ गया, जिससे मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट करने की नौबत आई। अस्पताल के कर्मचारियों ने तत्काल रेस्क्यू मोड में आकर पानी बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया।

**कार्यालय तक पहुंचा पानी, कामकाज प्रभावित :** केवल वार्ड ही नहीं, अस्पताल के प्रशासनिक कार्यालय में भी बारिश का पानी घुस गया। रिकॉर्ड और जरूरी फाइलों को बचाने के लिए स्टाफ को आनन-फानन में काम रोककर पानी निकालना पड़ा। कई जरूरी दस्तावेज भीगने से बर्बाद होने की आशंका जताई जा रही है।

**प्रशासन पर उठे सवाल :** बारिश के पहले ही दिन अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थान में पानी घुसना साफ इशारा करता है कि व्यवस्थाएं पूरी तरह से फेल हैं।

जल निकासी की व्यवस्था, इमरजेंसी प्लान और भवन की मरम्मत जैसे मुद्दों पर स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही उजागर हो रही है। ऐसे में सवाल उठना लाज़मी है।

**लोगों की नाराज़गी :** घटना के बाद मरीजों के परिजनों ने भी रोष जताया और अस्पताल प्रशासन से जवाब मांगा। कई लोगों ने कहा कि हर साल बारिश में यही हाल होता है, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकलता।

"जब अस्पताल सुरक्षित नहीं, तो मरीज कहां जाएँ?" ऐसे सवाल गूंजते रहे।

# भंडारा जिले में सुबह से लगातार बारिश जारी



## > वैनगंगा का जलस्तर बढ़ने की संभावना

**भंडारा.**

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार भंडारा जिले में आज सुबह से ही लगातार बारिश शुरू हो गई है। आसमान में बादल छाये हुए हैं और बारिश अभी भी जारी है। एक ओर जहां इस बारिश से किसानों में खुशी का माहौल है। दूसरी ओर, प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में भारी बारिश की चेतावनी दी है, जिससे निचले इलाकों में जलभराव की संभावना है। इसलिए, नागरिकों से अनावश्यक यात्रा से बचने का आग्रह किया गया है। सुबह से जारी बारिश ने भंडारा में एक चेतावनी भरा वातावरण बना दिया है। इस भारी बारिश के चलते वैनगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने की संभावना है।

बांध के गेट खोलने, नदी किनारे निवासियों की सतर्कता, प्रमुख मार्गों की बंदिश और स्कूलों में छुट्टी जैसी व्यवस्थाओं से यह स्पष्ट होता है कि प्रशासन भारी बारिश की गंभीरता को समझते हुए सतर्क एवं सावधान है।

# मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति और उसके 9 वर्षीय बेटे को 112 टीम ने सुरक्षित परिजनों तक पहुँचाया

**हिंगनघाट.**

मानसिक रूप से अस्वस्थ एक व्यक्ति अपने 9 वर्षीय बेटे के साथ कार में नागपुर से निकला और हिंगणघाट के रिमडोह इलाके स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर संदिग्ध अवस्था में पहुंचा। वहां मौजूद लोगों ने जब उसे असामान्य व्यवहार करते देखा, तो तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी।

घटना 25 जुलाई की है जब एमएच 40 एच 5628 नंबर की कार में सवार यह व्यक्ति नागपुर-हैदराबाद मार्ग से होकर पेट्रोल पंप तक पहुँचा। वह व्यक्ति पागलों की तरह चिल्ला रहा था और असामान्य हरकतें कर रहा था, जिससे वहां मौजूद लोगों को आशंका हुई कि वह मानसिक रूप से बीमार हो सकता है।



सूचना मिलते ही हिंगनघाट पुलिस स्टेशन की 112 टीम ने तुरंत हरकत में आते हुए शाम 8 बजे मौके पर पहुँचकर स्थिति को संभाला। टीम ने सतर्कता दिखाते हुए व्यक्ति और उसके 9 वर्षीय बेटे को हिरासत में लिया और घटना की गंभीरता को समझते हुए परिजनों की खोज शुरू की।

जांच में पता चला कि यह व्यक्ति 25 जुलाई की सुबह 10 बजे बिना किसी को बताए अपने घर से निकला था और उसका मोबाइल फोन भी बंद था। इस कारण परिजन काफी चिंतित थे और उसकी तलाश में जुटे हुए थे।

पुलिस टीम ने परिजनों से संपर्क कर दोनों को सकुशल उनके हवाले कर दिया। परिजनों ने हिंगनघाट 112 टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समय रहते टीम ने कार्रवाई न की होती, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

112 टीम की तत्परता और संवेदनशीलता ने एक बड़ी अनहोनी को टाल दिया और एक परिवार को राहत की सांस दी।

# पान ठेले से 4.50 लाख की देशी शराब जब्त

## > अवैध शराब के खिलाफ बड़ी पुलिस कार्रवाई:
## > शहर में फैली हड़कंप की लहर, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**हिंगनघाट.**

शहर पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए संत गोमाजी वार्ड में स्थित एक पान ठेले से 4 लाख 50 हजार रुपये मूल्य की 45 देशी शराब की पेटियां जब्त की हैं। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन और पुलिस निरीक्षक देवेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में, एपीआई दीपक वानखड़े के मार्गदर्शन में की गई।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि संत गोमाजी वार्ड में एक पान ठेले से अवैध रूप से देशी शराब बेची जा रही है। सूचना मिलते ही डीबी टीम ने मौके पर छापा मारकर ठेले की तलाशी ली। तलाशी के दौरान देशी शराब की भारी मात्रा में पेटियां बरामद की गईं।



इस मामले में पुलिस ने आरोपी रिंकू परचाके के खिलाफ हिंगणघाट पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और अवैध शराब विक्रेताओं में डर का माहौल उत्पन्न हो गया है। कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में डीबी पथक प्रमुख प्रशांत ठोंबरे, प्रवीण बावणे, पुलिस कर्मचारी नीलेश सूर्यवंशी, नरेंद्र आरेकर, सागर सांगोले, संतोष गीते, राजेश शेंडे, रोहित साठे, और मंगेश वाघमारे शामिल थे। इस प्रकरण की आगे की जांच डीबी प्रमुख प्रशांत ठोंबरे कर रहे हैं।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब की बिक्री से समाज में अनेक प्रकार की सामाजिक और पारिवारिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसे जड़ से समाप्त करने के लिए पुलिस लगातार सतर्कता बरत रही है और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

इस सफल अभियान से शहरवासियों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

## अमरावती जिले में लगातार भारी बारिश, मेघा नदी में बाढ़

अमरावती. अमरावती जिले में कल से लगातार बारिश हो रही है, जिससे कई इलाकों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बाढ़ विशेष रूप से चांदुरबाजार तहसील के शिरसगांव कस्बा क्षेत्र में आई है। शिरसगांव कस्बा से बहने वाली मेघा नदी अपने तटों से ऊपर बह रही है। प्रशासन ने क्षेत्र में नदी के किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी कर दिया है। नागरिकों से आवश्यक सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है। मेघा नदी में बाढ़ आने का मुख्य कारण यह है कि मध्य प्रदेश के सतपुड़ा पहाड़ियों में पिछले 24 घंटों से जारी भारी बारिश के कारण नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। परिणामस्वरूप, यह अनुमान लगाया जा रहा है कि नदी के किनारे स्थित खेत, सड़कें और कुछ घर बाढ़ में डूब जाएंगे।

# स्थानीय स्वशासन चुनाव की तैयारी को लेकर वर्धा में भाजपा की विदर्भ संभागीय बैठक

## > मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की उपस्थिति में होगा मंथन




**वर्धा.**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी स्थानीय स्वशासन संस्था चुनावों की तैयारी के लिए विदर्भ संभागीय बैठक का आयोजन सोमवार, 28 जुलाई को सेवाग्राम रोड स्थित चरखा गृह में किया जा रहा है। यह बैठक विशेष रूप से महानगर पालिका, जिला परिषद, नगर पालिका तथा पंचायत समिति जैसे स्थानीय निकाय चुनावों की रणनीति तय करने के लिए बुलाई गई है।

इस अहम बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण, राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, मंत्री अशोक उईके, मंत्री आकाश फुंडकर, मंत्री पंकज भोयर, और विदर्भ संगठन मंत्री डॉ. उपेंद्र कोठेकर सहित पार्टी के शीर्ष पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

बैठक में सभी सांसद, सभी विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, विदर्भ के 19 जिलों के भाजपा जिला अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, मंडल अध्यक्ष और स्थानीय निकाय चुनाव हेतु गठित समिति के सदस्य भी भाग लेंगे। अनुमान है कि इस बैठक में कुल मिलाकर लगभग 750 पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

भाजपा वर्धा जिला अध्यक्ष संजय गाते ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वर्धा में आयोजित विदर्भ पदाधिकारियों की पहली बड़ी बैठक होगी। उन्होंने यह भी बताया कि समापन कार्यक्रम में करीब 1000 पदाधिकारी उपस्थित हो सकते हैं, क्योंकि वर्धा जिले के 450 शक्तिकेंद्र प्रमुखों को भी विशेष आमंत्रण भेजा गया है।

स्थानीय स्वशासन संस्था चुनाव को लेकर भाजपा की यह बैठक न केवल रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है, बल्कि यह विदर्भ में पार्टी के सांगठनिक शक्ति प्रदर्शन का भी प्रतीक है। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और चुनावी जोश भरने की उम्मीद की जा रही है।

# मोहगांव में बारिश से मकान ढहा, परिवार को 1 लाख रुपये का नुकसान

## > सरपंच ने की मुआवजे की मांग, प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई

**समुद्रपुर.**

पिछले तीन दिनों से समुद्रपुर तालुका में मूसलधार बारिश का सिलसिला जारी है।

लगातार हो रही बारिश के चलते नदियों और नालों में पानी भर गया है, जिससे आसपास के खेतों में खड़ी फसलें जलमग्न हो गई हैं। इसी बीच मोहगांव गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है।

गांव के निवासी सतीश मोतीराम सातपुते का मिट्टी का घर 26 जुलाई की सुबह लगभग 5 बजे भारी बारिश के कारण ढह गया। इस दुर्घटना में घर में रखा घरेलू सामान, कूलर, टीवी, कृषि उपकरण, पशुओं का चारा और अनाज सब मलबे में दब गया। इस नुकसान की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख रुपये बताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही गांव के सरपंच विलास नवघरे ने तहसीलदार कपिल हाटकर को सूचित किया। तहसीलदार ने तुरंत तलाठी प्रदीप मानकर को मौके पर पंचनामा करने का आदेश दिया। तलाठी मानकर ने कोतवाल बाबा राऊत के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पंचनामा तैयार किया।

सरपंच नवघरे ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित सातपुते परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए, ताकि वे अपने जीवन की पुनः शुरुआत कर सकें।

तहसील प्रशासन ने इस संबंध में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



# आर्वी के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में गूंजी शौर्य गाथाएं



## > विजय दिवस पर देशभक्ति की गूंज

**वर्धा/आर्वी.**

महाराष्ट्र सरकार के कौशल विकास विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 25 जुलाई 2025 को दत्तोपंतजी ठेंगड़ी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, आर्वी में विजय दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।

इस विशेष आयोजन में ऐतिहासिक वीरों की गाथाओं, कारगिल युद्ध की यादों और पूर्व सैनिकों के योगदान को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्गेशजी सोनवणे सर ने अपने प्रेरणादायक भाषण में कहा कि "जो जीता वही पोरस" जैसी सोच से देश को मजबूत दिशा मिलती है। उन्होंने ऐतिहासिक राजाओं की मातृभूमि के लिए दी गई कुर्बानियों को रेखांकित किया।

इस अवसर पर व्याख्याता निनाद धरमठोक, महेश हरणे और पूर्व सैनिक चिरडे ने क्रमशः पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप और कारगिल युद्ध की वीरगाथाएं साझा कीं। महेश हरणे ने महाराणा प्रताप के शौर्य और चेतक घोड़े की वफादारी को विस्तार से बताया। वहीं पूर्व सैनिक चिरडे ने भारतीय सेना की वीरता और बलिदान की मिसालें प्रस्तुत कीं, जिसने उपस्थित सभी नागरिकों को गौरव से भर दिया।

संस्थान की संचालिका आरती थुल ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए विजय दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। छात्रा भूमि इखार ने भी अपने जोशीले भाषण से उपस्थित श्रोताओं को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया।

संस्था के प्राचार्य तुषार लोखंडे ने अपने प्रेरणास्पद संबोधन में "एक राष्ट्र, एक अवधारणा" की जरूरत और महत्व पर जोर दिया।

इस आयोजन में बड़ी संख्या में पूर्व छात्र, अभिभावकगण और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता में संस्था के कला निर्देशक अमित जांभुलकर, नितिन बिसेन, आशीष मेश्राम, विनोद लिल्लोरे, नीलेश सहारे, प्रवीण गावंडे, ज्ञानेश्वर सिरसाट, संजय पारसकर, मोहम्मद शेख, श्रीमती गोसिया, सुश्री भूमि इखार मैडम सहित सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

देशभक्ति से ओतप्रोत इस कार्यक्रम ने न केवल इतिहास को दोहराया, बल्कि युवाओं के दिलों में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को और प्रबल किया।

# भीषण सड़क हादसा: धोत्रा पेट्रोल पंप के पास बस और ट्रेलर की टक्कर

## >चालक गंभीर, 7 यात्री घायल

**हिंगनघाट.**

वर्धा-हिंगनघाट मार्ग पर स्थित धोत्रा पेट्रोल पंप के पास शनिवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें आकोट से आ रही बस और डीजल भरकर निकल रहे एक १६ चक्का ट्रेलर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बस का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं वाहक समेत ७ अन्य यात्री घायल हुए हैं। हादसे में बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, बस क्रमांक एमएच 40-सीएम-3190 वर्धा होते हुए हिंगणघाट की ओर जा रही थी। उसी दौरान धोत्रा स्थित पेट्रोल पंप से एक भारी ट्रेलर तेज गति से मुख्य मार्ग पर निकल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर चालक का ध्यान भटकने के कारण वह सामने से आ रही बस से भिड़ गया।



इस टक्कर से बस में सवार कुल २५ यात्रियों में से ७ को चोटें आई हैं, जबकि बस चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही अल्लिपुर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक विजय घुले और रवी वर्मा घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तत्काल पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का पंचनामा किया और ट्रेलर चालक की लापरवाही को लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की गहन जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के गंभीर परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। स्थानीय नागरिकों ने भी भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही पर सवाल उठाते हुए प्रशासन से सख्ती की मांग की है।

# एसटी और ट्रक में जोरदार भिड़ंत, कई यात्री हुए घायल

## > इलाज के लिए सेवाग्राम अस्पताल में भर्ती

**वर्धा.**

वर्धा जिले के धोत्रे चौराहे पर शुक्रवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें वर्धा डिपो से हिंगणघाट की ओर जा रही महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम की एक बस और सामने से आ रहे डीजल से भरे ट्रक की सीधी टक्कर हो गई। यह हादसा करीब दोपहर 3 बजे के आसपास हुआ और इसकी तीव्रता इतनी अधिक थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस वर्धा डिपो से रवाना होकर जब धोत्रे चौराहे पर पहुंची, तभी सामने से एक ट्रक आ रहा था, जिसमें डीजल भरा हुआ था। बस की गति काफी तेज थी और संभवतः ड्राइवर समय पर नियंत्रण नहीं रख सका। परिणामस्वरूप, बस ने ट्रक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह चकनाचूर हो गया और उसमें फंसे कई यात्री घायल हो गए।




हादसे में बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसके अलावा बस में सवार कई अन्य यात्री भी चोटिल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घायलों को स्थानीय नागरिकों और पुलिस की मदद से तत्काल सेवाग्राम के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है।

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के नागरिक बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को भी सूचित किया। पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बस से बाहर निकालने में मदद की और यातायात को नियंत्रित किया। हादसे के कारण मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात ठप हो गया था।

फ़िलहाल, पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि बस की गति तेज होने और ड्राइवर के नियंत्रण खो देने के कारण यह दुर्घटना हुई।

साथ ही, ट्रक के समय पर साइड न लेने की भी संभावना जताई जा रही है, जिससे टक्कर को टालना संभव नहीं हो सका।

स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे तेज गति से वाहन न चलाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करें, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। वहीं, राज्य परिवहन विभाग ने भी घटना की रिपोर्ट मांगी है और गंभीर घायलों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा की ओर ध्यान खींचता है और यातायात नियमों के पालन की महत्ता को रेखांकित करता है। फिलहाल, अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# ओवरटेक के दौरान एस.टी. बस पेड़ों से टकराई

## धारणी-परतवाड़ा मार्ग पर मांगीया से कोलकास के बीच की घटना, एस.टी. बस को नुकसान, लेकिन जनहानि टली



**अमरावती, राजेश मालवीय.**

अमरावती से धारणी की ओर जाने वाली, और फिर उसी मार्ग से वापस अमरावती लौटने वाली एस.टी. महामंडल (परिवहन विभाग) की टपाल बस के नाम से प्रसिद्ध बस क्रमांक एमएच 20 सीजी 3860 शनिवार को सुबह 6 बजे अमरावती से धारणी के लिए रवाना हुई थी और सुबह 10:30 बजे धारणी बस स्टैंड पर पहुंची। वहां यात्रियों और डाक (टपाल) सामग्री को उतारने के बाद, यह बस पुनः सुबह 11 बजे के आसपास अमरावती के लिए निकली। दोपहर लगभग 12 बजे के आसपास, जब यह बस मांगीया से कोलकास मार्ग पर थी, तभी अचानक सामने से एक कार आ गई।

ओवरटेक करते समय बस सड़क के किनारे दोनों तरफ फैले पेड़ों की शाखाओं से टकरा गई। इस टक्कर में बस की आगे की विंडशील्ड (काँच) टूट गई और हादसा हो गया। चालक और परिचालक को सामने होने के कारण जोर का झटका जरूर लगा, लेकिन कोई चोट नहीं आई। बस में सफर कर रहे यात्रियों को भी कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, एस.टी. महामंडळ की बस के आगे का काँच टूटने से बस को बड़ा नुकसान हुआ है।

# वाल्मीकि महासभा ने सतीश डागोर का किया सम्मान

**नागपुर/कामठी.**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन के अवसर पर पाटीदार भवन, बोरकर नगर, नागपुर में 'शासन आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सतीश डागोर थे, जिन्होंने अनुसूचित जाति के लिए विभिन्न शासकीय कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया। इस अवसर पर, अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा ने सतीश डागोर के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। सतीश डागोर के प्रयासों से महानगरपालिका के सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ वाल्मीकि, सुदर्शन और मखियार समाज के लोगों को भी शिक्षा और रोज़गार के क्षेत्र में लाभ मिलने की उम्मीद है।



इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा आईटी सेल के राष्ट्रीय संयोजक व भाजपा ज़िला मंत्री दिनेश बिल्लरवान, अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रवि करोसिया, सफाई कामगारों के राष्ट्रीय नेता जयसिंग कछवाह, महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष राजू परदेसी, महासचिव दुर्गाप्रसाद कोरी, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश जाधव, प्रदेश सचिव सुरेश चिंटोले, कुणाल हाड़ोती, नागपुर ज़िला अध्यक्ष दीपक परदेसी, प्रदेश सह सचिव आशीष केसरी और महासभा के अन्य कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह सम्मान समारोह वाल्मीकि समाज और सफाई कर्मचारी आयोग के बीच बेहतर तालमेल और सहयोग का प्रतीक है, जिससे समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए संयुक्त प्रयास किये जा सकेंगे।

# एनसीपी ने अजित पवार का जन्मदिन अनाथ आश्रम में मनाया



**कामठी.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार के जन्मदिन के अवसर पर कामठी शहर के विवेकानंद अनाथालय आश्रम में केक काटने और फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम नागपुर जिला अध्यक्ष बाबा गुजर के निर्देशानुसार और अल्पसंख्यक विभाग महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष शोएब असद के नेतृत्व में हर्षोल्लास संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तस्नीम फैसल, आकीब जावेद, अल्तमस यजदानी, मो. दानिश, ईरशाद पटेल, रासीद अंसारी, शाहिद भाई, नूर भाई, आमिर लाखा, रकीब भाई, नईम ताजी, इमरान भाई, आतिफ असर, नौशाद भाई, दानिश सैलानी, अश्विन भाई, आशीष भाई, दानिश रहमान सहित कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी प्रमुखता से मौजुद रहें। सभी ने मिलकर अनाथ बच्चों के साथ अजित पवार का जन्मदिन मनाया और उन्हें केक, फल वितरित किए, जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी की लहर आई।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 120-3 | 660-2 |
| श्रीदेवी नाईट | 380-1 | 279-8 |

# निंबाजी अखाड़ा समाज भवन में शिव पुराण को प्रतिसाद

### शिव-विवाह में हुए मंत्रमुग्ध, महाप्रसाद का आयोजन आज

**कामठी.** निंबाजी वस्ताद अखाड़ा समाज भवन में चल रहे शिव पुराण कथा का आज, शुक्रवार को शिव-विवाह का समापन हुआ, जिसने सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रयागराज के सुप्रसिद्ध कथावाचक राजेंद्र सरकार द्वारा सुनाई जा रही इस कथा को महिलाओं का जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है।

प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक बड़ी संख्या में महिलाएं कथा श्रवण के लिए उमड़ती रहीं, जिससे पूरा भवन भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। शिव-विवाह की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों की खूब वाहवाही बटोरी।

यह धार्मिक आयोजन अब अपने अंतिम चरण में है और इसका समापन आज दोपहर 12 बजे दहिकाला और महाप्रसाद वितरण के साथ होगा। नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम और आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से इस धार्मिक आयोजन का लाभ उठाने और महाप्रसाद ग्रहण करने की हार्दिक अपील की है।



# भरोसे का नाम बना 'भुमेश रिएल्टर्स'

# नागपुर की रियल एस्टेट दुनिया में नया परिवर्तन

**नागपुर.** नागपुर की उभरती रियल एस्टेट दुनिया में एक भरोसेमंद नाम तेजी से उभरा है- "भुमेश रिएल्टर्स"। वर्ष 2018 में शुरू हुई यह कंपनी, आज 150+ एकड़ से अधिक भूमि के सौदे, 50+ टीम सदस्यों, और कई महत्वपूर्ण लोकेशन्स में प्रोजेक्ट्स के साथ नागपुर की रियल एस्टेट को नयी दिशा दे रही है।




## 'पारदर्शिता' है सबसे बड़ी ताक़त

**भुमेश रिएल्टर्स की कामयाबी की सबसे बड़ी वजह है उनका एक वादा:** 'पूर्ण पारदर्शिता और कानूनी स्पष्टता।' हर प्रोजेक्ट एनएमआरडीए रजिस्टर्ड और रेरा अप्रूव्ड, सभी कानूनी दस्तावेज़, विकासात्मक सुविधाएं, बैंक फ़ाइनेंस की सुविधा उपलब्ध, ग्राहक को सौंपे जाने से पहले हर प्लॉट की विस्तृत जांच.

**हाइलाइट प्रोजेक्ट्स जो नागपुर के भविष्य को आकार दे रहे हैं:** नेचर नेस्ट (पिप्ला-बेंसा): हरियाली, सामुदायिक सुविधाएं और स्पष्ट कानूनी मंजूरी के साथ रेडी-टू-मूव टाउनशिप।

**स्काइलाइन पार्क (वरणगांव):** मेट्रो कनेक्टिविटी, डीआरडीओ के पास, टॉप स्कूलों से घिरा आदर्श इन्वेस्टमेंट हब।

**लोगों में निवेश, बिक्री से पहले भरोसा:** भुमेश रिएल्टर्स की टीम 50+ लोगों की है, जो 'सेल्स + सर्विस + विश्वास" के सिद्धांत पर काम करती है।

**नियमित ट्रेनिंग:** क़ानून, कस्टमर रिलेशन, मार्केट ट्रेंड्स: ओपन कम्युनिकेशन कल्चर: बर्थडे से लेकर ऐनिवर्सरी तक टीम को "परिवार" जैसा माहौल नौकरी और करियर के लिए शानदार अवसर

**कैरियर ओरिएंटेड उम्मीदवारों के लिए शानदार अवसर:** सेल्स एग्जीक्यूटिव, लीगल एडवाइज़र, मार्केटिंग स्पेशलिस्ट, कस्टमर सर्विस प्रतिनिधि, मिहान और मेट्रो की तेज़ी से बढ़ती मांग में निवेश का सही समय मिहान, ऐइम्स, मेट्रो और प्रमुख हॉस्पिटल्स के बढ़ते प्रोजेक्ट्स ने नागपुर को रियल एस्टेट का हॉटस्पॉट बना दिया है। भुमेश रिएल्टर्स की हर प्रॉपर्टी को इस विकास की दिशा में रखा गया है- सुविधा, कानूनी सुरक्षा और भविष्य का मूल्य तीनों को ध्यान में रखते हुए।

**ग्राहक के साथ सिर्फ डील नहीं, रिश्ते भी निभाते हैं:** बिक्री के बाद भी दस्तावेज़ी मदद, लोन की प्रक्रिया में सहायता, निर्माण से जुड़े सभी जरूरी कागज़ातों की सलाह, महीनों बाद भी क्लाइंट्स के सवालों के जवाब देने को तत्पर

**सातवीं वर्षगांठ पर ग्राहकों और शहर के लिए खास आयोजन:** फरवरी 2025 में भव्य समारोह के साथ 7वीं ऐनिवर्सरी मनाई गई, जिसमें ग्राहकों, एजेंट्स और शहरवासियों को सम्मानित किया गया।

**भविष्य की योजनाएं:** कमर्शियल प्लॉट्स, इंडस्ट्रियल ज़ोन, स्ट्रक्चर्ड हाउसिंग क्लस्टर और भी ज्यादा कानूनी रूप से क्लियर प्रोजेक्ट्स

**भुमेश पेशाने का साफ़ कहना है:** "विकास ज़रूरी है, लेकिन ईमानदारी और पारदर्शिता से समझौता कभी नहीं।"

**कार्यालय का पता:** भुमेश रिएल्टर्स, चौथी मंजिल, लुसिन टॉवर, होटल ट्रैकॉटेल के बगल में, नागपुर -440015.

### कंपनी प्रोफाइल – भुमेश रिएल्टर्स

- > स्थापना: 24फरवरी 2018
- > संस्थापक व संचालक: भुमेश पेशाने
- > टीम साइज: 50+ सदस्य
- > लोकेशन: बेंसा-पिप्ला रोड, शंकरपुर, मिहान, समृद्धि स्क्वेयर, वर्धा रोड
- > प्रमाणन: एनएमआरडीए रजिस्टर्ड, रेरा अप्रूव्ड (रेरा नं: A5050 0013756)
- > ट्रांजैक्शन: 150+ एकड़ भूमि बिक्री
- > संपर्क: 93701 59082/ 9075 907535
- > वेबसाइट: [www.bhumeshrealtors.com] (http://www.bhumeshrealtors. com)
- ईमेल: [bhumeshrealtors@gmail.com] (mailto: bhumeshrealtors@gmail.com)

**कॉल करें या साइट विजिट बुक करें**

+91 9370159082/
+91 9075907535

[www.bhumeshrealtors.com] (http://www.bhumeshrealtors.com)

शहर की प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी भूमेश रॉटर्स के संस्थापक भूमेश पेशने और उनकी जीवनसाथी एवं व्यवसायिक सहयोगी अश्वनी पेशने को उनके उत्कृष्ट कार्य और समाज के प्रति समर्पित योगदान के लिए 'विदर्भ रत्न अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह इन बीसीएन न्यूज़ चैनल एवं नागपुर मेट्रो समाचार (हिंदी दैनिक) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, जो 20 जुलाई को होटल सेंटर पॉइंट, रामदासपेठ, नागपुर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। भूमेश की रणनीतिक नेतृत्व क्षमता और अश्वनी जी की ग्राहक-केंद्रित सोच ने नागपुर की रियल एस्टेट दुनिया में उन्हें एक विश्वसनीय नाम बनाया है। यह सम्मान उनकी वर्षों की मेहनत और समर्पण का प्रतीक है।



